क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–261/ दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मैसर्स श्री तिरूपति स्टोनेक्स रेफरेंस संख्या 20221000049090 ग्राम डूंगरी कलां** द्वारा ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर संख्या 59 खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से हैः–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	रेफरेंससंख्या/खनन पटट्ा संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	ग्राम	खनिज का नाम	उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.)
1	मैसर्स श्री तिरूपति स्टोनेक्स खसरा संख्या 175/1 एवं 178	20221000049090	1.5438	डूंगरी कलां	ग्रेनाईट	145824
2	श्री जिले सिंह	201810000322	1.0115	कड़ीला	ग्रेनाईट	115000
3	श्री शंकर लाल रैगर	201810000770	1.3480	डूंगरी कलां	ग्रेनाईट	71400
4	श्री धर्मेन्द्र बैरवा	2019100006875	1.1900	कड़ीला	ग्रेनाईट	135384
5	मैसर्स हिमांशी ग्रेनाईट	20191000011606	2.4896	डूंगरी कलां	ग्रेनाईट	396597.6
6	श्री छिगनाराम	20191000011619	1.2329	कड़ीला	ग्रेनाईट	125026
7	मैसर्स हिमांशी ग्रेनाईट	36/2007	1.0	डूंगरी कलां	ग्रेनाईट एवं मैसनरी स्टोन	95617.5

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 9.8158 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 1084849.1 टीपीए (आर.ओ.एम.), **ग्राम डूंगरी कलां एवं कड़ीला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक** से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहॉ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि **मैसर्स श्री तिरूपति स्टोनेक्स रेफरेंस संख्या 20221000049090 ग्राम डूंगरी कलां** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजनासे सम्बन्धित समूहEIA/EMP Reportएवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
    1. जिला कलक्टर, टोंक।
    2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
    3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
    4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
    5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
    6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, डूंगरी कला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण/2023/14780 दिनांक 20.03.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 09/05/2023** को **प्रातः 11:00 बजे, स्थान–राजीव गांधी सेवा केन्द्र, डूंगरी, तहसील मालपुरा, जिला टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तँवर)
पर्यावरणीय अभियंता
एवं क्षैत्रीय अधिकारी